# भारत बिल पेमेंट सिस्टम (BBPS)

समस्त सम्मानीय अमानतदारो को सहर्ष सूचित किया जाता है कि बैंक द्वारा एक नई सुविधा प्रारंभ की गई है जिसके द्वारा आप अपने मोबाइल से बैंक के रूपे सह एटीएम डेबिट कार्ड के माध्यम से यूटिलिटी बिलो का भुगतान– मोबाइल रिचार्ज, बिजली बिल का भुगतान, डी.टी.एच. रिचार्ज, नगर निगम/नगर पालिका के टैक्स का भुगतान, बीमा राशि की प्रीमियम का भुगतान सहित 23 तरह की सेवाओ का भुगतान कर सकते है । जिसकी प्रकिया निम्नुसार है–

1. सर्वप्रथम आपको जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक खंडवा शाखा से रूपे सह एटीएम डेबिट कार्ड प्राप्त करना होगा व खाते मे मोबाइल नंबर दर्ज कर एसएमएस सुविधा प्राप्त करे।
2. आपको अपने एंड्रॉइड मोबाइल मे गूगल प्ले स्टोर मे जाकर OSTA एप डाउनलोड करना होगा।
3. सर्वप्रथम OSTA एप मे रजिस्ट्रेशन हेतू आपका नाम, उपनाम, ई–मेल आई.डी , मोबाइल नंबर, इत्यादि भरना होगा।
4. इसके पश्चात सामान्य नियमो को पढकर I Agree पर क्लिक करे ।
5. फिर कम से कम 8 अंको का पासवर्ड बनाया जाना होगा जिसमे कम से कम एक केपिटल लेटर, एक स्मॉल लेटर, एक चिन्ह व 5 अन्य डिजिट/अक्षर लिये जाने होंगे।
6. फिर आपको 6 अंको का OSTA PIN एंटर किया जाना होगा ।
7. इस प्रकार प्रोफाइल बनने पर मोबाइल नंबर एवं पासवर्ड डाला जाकर पुनः लॉगिन करना होगा।
8. फिर **Manage Bank Account** पर क्लिक कर आने वाली लिस्ट मे से **KHANDWADCCB** का चयन कर उसके समक्ष गोले पर निशान अंकित करे ।
9. तत्पश्चात दर्शित होने वाली स्कीन पर अपने रूपे सह एटीएम डेबिट कार्ड का 16 अंकीय कार्ड नंबर एवं 4 अंकीय पिन को भरा जाना होगा ।
10. तत्पश्चात वांछित option को select करे एवं भुगतान किये जाने की आवश्यक प्रतिपूर्तियॉ करने के पश्चात सभी भरी गई प्रविष्टियो की अंतिम रूप से जॉच करने के पश्चात **Recharge** या **payment** पर क्लिक करे।

**अधिक जानकारी या किसी भी प्रकार की कोई कठिनाई की दशा मे संबधित बैंक शाखा मे संपर्क करे।**